तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 5 सितंबर 2026

[बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर]

2 एक सप्ताह बाद अवदाब पड़ा कमजोर

खबर संक्षेप

शिक्षक दिवस पर आयोजन आज

सोनहत। ब्लॉक मुख्यालय सोनहत के सामुदायिक भवन में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का मेगा आयोजन होगा। इस सम्मान समारोह में शिक्षकों, सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित तो किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका सिंह विधायक भरतपुर सोनहत के द्वारा 2025-26 में ब्लाक स्तर पर आए 10 वीं, 12 वीं के टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी, बाइक और लेपटॉप देकर सम्मानित करेंगी। ब्लाक शिक्षा समिति के अध्यक्ष और जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल ने बताया कि शिक्षकों और टॉपर छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रेणुका सिंह और धर्मपाल राजवाड़े सेवानिवृत शिक्षक की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में ब्लाक के टॉपर छात्र, छात्रा को सम्मानित किया जाएगा।

शिक्षक दिवस पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

बैकुण्ठपुर। शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को जिलेभर में शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलेभर के विद्यालयों में शिक्षकों के सम्मान में विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,जहां विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपने विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया जाता है, इसके अलावा शिक्षक दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शहर के मानस भवन में भी शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

लगातार बारिश से नदी नालों का बढ़ा जलस्तर

बिजुरी। क्षेत्र में विगत कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते नदी-नालों सहित विभिन्न जल स्त्रोतों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई स्थानों पर पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए बिजुरी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता लवकुश शुक्ला ने लोगों से सावधानी बरतने तथा एक-दूसरे को सतर्क करने की अपील की है। लवकुश शुक्ला ने कहा कि बारिश के मौसम में नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। कई बार पुल-पुलियों पर पानी कम दिखाई देता है, लेकिन तेज बारिश होने पर कुछ ही समय में पानी का बहाव तेज हो सकता है। ऐसे में वाहन लेकर पानी पार करने का प्रयास करना जान जोखिम में डालने के समान है।

शिक्षक अफजल को मिली पीएचडी की उपाधि

जशपुरनगर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगीचा में पदस्थ शिक्षक अफजल इमाम ने शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा प्रदान की गई। अफजल इमाम ने एनटीपीसी सीपत संयंत्र से होने वाले दूषित अपशिष्ट निर्वहन के कारण सीपत एवं इसके निकटवर्ती क्षेत्रों की पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन" विषय पर शोध किया। उन्होंने अपना शोध प्रबंध शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिलासपुर के प्रोफेसर डॉ. मार्शल रेनी ऑगुर एवं शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जांजगीर के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। शोध कार्य के दौरान अफजल इमाम के पांच शोध-पत्र अंतरराष्ट्रीय पीयर-रिव्यू एवं रेफर्ड जर्नल्स में प्रकाशित हुए। इसके साथ ही उनका एक पुस्तक अध्याय भी प्रकाशित हो चुका है।

कोरिया में 30 सोलर दीदियां चयनित, जिला पंचायत में हुई कार्यशाला

उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने का काम करेंगी दीदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए सोलर दीदियों का पायलट प्रोजेक्ट लांच किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी दीदियों में से 30 दीदियों को सोलर दीदी के तौर पर चयनित कर उन्हें सबसे पहले इस योजना के अंतर्गत जोड़ा जा रहा है। सोलर दीदियां पहले अपने अंशदान की राशि बैंक में जमा करेंगी और इसके बाद उनके घरों में आगामी एक सप्ताह में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्लांट लगाए जाएंगे।

कार्यशाला में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का सीधा लाभ बिहान से जुड़ी दीदियों को होगा। घरों में सोलर प्लांट लगने के बाद यही दीदियां अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ जोड़ने का कार्य करेंगी। इससे उन्हें अतिरिक्त आजीविका के लिए सीधे आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। प्रत्येक सोलर दीदी को एक बिजली उपभोक्ता के घर पर एक यूनिट लगवाने के बदले लगभग औसतन तीन से पांच हजार रूपए का सीधा लाभ मिलेगा। कोरिया जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य को पाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास के साथ बिहान योजना से जुड़ी लखपति दीदियां, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता, अग्रणी बैंक प्रबंधक और जिले में कार्यरत सौर ऊर्जा उपकरण के वेंडर्स शामिल हुए। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में कलेक्टर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में सोलर दीदियों को आगे लाकर उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत व्यापक विस्तार के लिए पायलट प्रोजेक्ट की कमान सौंपी गई। आने वाले समय में यह दीदियां जिले में हजारों बिजली उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने का कार्य करेंगी तथा इससे उन्हें अपने आजीविका के लिए एक अतिरिक्त ⏭ शेष पेज 4 पर

केन्द्र और राज्य सरकार से मिलेगा बड़ा अनुदान

कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि एक यूनिट का खर्च मात्र 70 हजार रूपए आता है जिसमें उपभोक्ता को पहले केवल 7 हजार रूपए देने होंगे। पंजीयन के साथ ही उनके बैंक लोन की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। 70 हजार की लोन राशि में से केन्द्र सरकार द्वारा 30 हजार रूपए तथा राज्य शासन द्वारा 15 हजार रूपए की सब्सिडी यानी अनुदान दो माह के अंदर सीधे लोन खाते में प्रदान कर दिया जाएगा। इसके बाद बकाया राशि लगभग 18 हजार रूपए को ग्राहक आगामी दस वर्षों तक बेहद आसान किश्तों में बैंक के लोन खाते में जमा कर सकेंगे।

उपभोक्ताओं को मात्र 10 प्रतिशत राशि देय

विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने एक किलोवाट, दो किलोवाट और तीन किलोवाट के संयंत्र लगाने में आने वाले खर्च पर विस्तार से जानकारी दी। योजना के तहत एक प्लांट लगाने के लिए होने वाले कुल खर्च में से बिजली उपभोक्ता को मात्र 10 प्रतिशत राशि देनी होगी। यानी अगर कोई उपभोक्ता एक किलोवाट का प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत एक यूनिट लगाते हैं जिसका खर्च 70 हजार रूपए आता है तो उपभोक्ता को केवल आरंभ में 10 प्रतिशत राशि यानी केवल 7 हजार रूपए ही बैंक में जमा करने होंगे शेष राशि उन्हें लोन से प्राप्त हो जाएगी।

श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व कृष्ण जन्माष्टमी चरचा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। मंदिरों एवं घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

श्रद्धालुओं ने दिनभर व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की और मध्यरात्रि में भगवान के जन्म के समय विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया। जन्माष्टमी के अवसर पर पण्डोपारा स्थित कृष्ण मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप झांकी, आकर्षक पालना और रंग-बिरंगी सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शाम होते ही मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर झूमते नजर आए। पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देर रात तक मंदिरों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। मध्यरात्रि में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और शंखनाद से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। भगवान के बाल स्वरूप को पालने में झुलाया गया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। जन्माष्टमी के पर्व पर बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र में अनेक स्थानों पर नन्हें-मुन्नें बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में सजकर पहुंचे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा ने सभी का ध्यानाकर्षित किया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजे बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं से लोगों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने बच्चों की तस्वीरें लेकर इस यादगार पल को कैमरे में कैद किया। जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र केक विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ व जलेबी दौड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक इसमें हिस्सा लिया। मटकी फोड़ने के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और आयोजन स्थल पर जयकारों से माहौल गूंजता रहा।

वार्ड में पसरी गंदगी, पार्षद और निगम प्रशासन की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कालरी

नगर के वार्ड क्रमांक 07 तानसेन वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। वार्ड के विभिन्न हिस्सों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे होने से स्थानीय रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के मौसम में कचरा और गंदगी के कारण संक्रमण एवं बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। वार्डवासियों का आरोप है कि पार्षद की निष्क्रियता और नगर निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते वार्ड की सफाई व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई स्थानों पर लंबे समय से कचरा जमा है, लेकिन निगम द्वारा नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं किया जा रहा है। रहवासियों का कहना है कि जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी केवल चुनाव के समय जनता के बीच पहुंचने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। वार्ड की मूलभूत समस्याओं को निगम प्रशासन के समक्ष उठाना और उनका समाधान सुनिश्चित कराना भी जनप्रतिनिधि का दायित्व है। वर्तमान हालात को देखते हुए वार्डवासियों में अपने जनप्रतिनिधि के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इधर नगर में चर्चा है कि नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ियों के लिए डीजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कचरा उठाव प्रभावित हो रहा है। हालांकि डीजल की कमी के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की बात की वास्तविकता क्या है, यह निगम प्रशासन ही स्पष्ट कर सकता है। कचरे के ढेर से परेशान वार्डवासियों का कहना है कि समस्या के पीछे कारण चाहे जो भी हो, उन्हें सफाई व्यवस्था में सुधार और नियमित कचरा उठाव चाहिए। रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर जमा कचरे को हटाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

डॉ. आर्या होंगे मेडिकल कॉलेज के नए अधिष्ठाता

अंबिकापुर। राज्य शासन द्वारा चिकित्सा शिक्षा में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। शासन द्वारा प्रदेशभर में मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता और अधीक्षक का स्थानान्तरण आदेश जारी किया गया है। शासन द्वारा प्राध्यापक पैथोलोजी विभाग डॉ. आरसी आर्या को राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का नया अधिष्ठाता बनाया गया है। डॉ. आर्या वर्तमान में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक के रूप में लम्बे समय से कार्य कर रहे है। वहीं वर्तमान डीन डॉ. अविनाश मेश्राम को प्राध्यापक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग बनाया गया है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधीक्षक के पद पर डॉ. राकेश निगम की पदस्थापना की गई है। डॉ. निगम वर्तमान में प्राध्यापक निश्चेतना विभाग में पदस्थ है। डीन बनाए जाने पर डॉ. आरसी आर्या ने बताया कि उनका प्रयास होगा कि मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर बेहतर तरीके से संचालन किया जाए।

जिले में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

मनेन्द्रगढ़। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जिलेभर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकियां सजाई गईं तथा मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और विद्युत झालरों से सजाया गया। मनेन्द्रगढ़ शहर सहित चिरमिरी, खोंगापानी, झगराखांड, नई लेदरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन्माष्टमी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में घंटियां और शंखनाद गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। इसके बाद भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कई जगहों पर मटकी फोड़ और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बाजारों में भी पर्व को लेकर रौनक रही और पूजा सामग्री तथा मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मंदिरों और प्रमुख आयोजन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था बनाए रखी गई।

धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

मनेन्द्रगढ़। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में पिछले 30 वर्षों की परंपरा को निभाते हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय में यह आयोजन प्रतिवर्ष प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष का मुख्य आयोजन नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के मनमोहक अभिनय, आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों तथा रंग-बिरंगी वेशभूषा से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सबसे रोमांचक आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी ने खेल भावना और जोश के साथ अपनी सहभागिता निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जन्माष्टमी उत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं, सहयोग, अनुशासन और आत्मविश्वास के विकास का सशक्त माध्यम है। पूरे विद्यालय परिवार ने उल्लासपूर्वक इस पर्व को मनाते हुए श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

लगातार बारिश के बाद मौसम हुआ साफ

बैकुण्ठपुर। बीते कई दिनों तक बादल बारिश का मौसम बना रहा सावन बीत जाने के बाद भी सावन की तरह बारिश की झड़ी भादों माह में चल रही थी, और इसी बीच शुक्रवार को कई दिनों के बाद बारिश थमी।

इस दिन सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर होते हल्की धूप भी निकली। कई दिनों बाद बारिश का दौर रूकने पर लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन इस दिन दोपहर के समय अचानक काले बादलों ने बिना गर्जना किए करीब 15 मिनट तक झमाझम बरसे और इसके बाद मौसम खुल गया ,जो शाम ढलने तक मौसम खुला रहा, इससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में बीते कई दिनों से बादल बारिश का मौसम बना हुआ है, इससे धान की फसलों पर कीट प्रकोप की संभावना बढ़ गई है, ऐसे में किसान अब बारिश के थमने का इंतजार कर रहे हैं और धूप खिलेगी तो पौधों पर कीट प्रकोप की संभावना कम हो सकती है।

एमसीबी में 1102.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

मनेन्द्रगढ़। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 1 जून से 4 सितंबर तक 1102.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में कोटाडोल तहसील में सर्वाधिक 1490.4 मिमी, जबकि खड़गवां में न्यूनतम 801.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों के अनुसार मनेन्द्रगढ़ में 1077.9 मिमी, चिरमिरी में 995.3 मिमी, केल्हारी में 940.4 मिमी, भरतपुर में 1310.5 मिमी तथा कोटाडोल में 1490.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

बढ़ती महंगाई: कांग्रेस का चीनी सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में शुक्रवार को चीनी सत्याग्रह आयोजित किया गया। कांग्रेसजन ने राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय से गांधी पार्क तक सत्याग्रह मार्च निकालकर चीनी के बढ़ते दाम और बाजार में इसकी उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं के विरोध में प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने आम जनता को राहत दिलाने के लिए नमक के बढ़ते दाम और अंग्रेजी हुकूमत की नीतियों के खिलाफ नमक सत्याग्रह किया था। आज भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई से परेशान है, जिसके चलते कांग्रेस को जनता की आवाज बनकर चीनी सत्याग्रह करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। भाजपा सरकार द्वारा गन्न से बड़े पैमाने पर इथेनॉल उत्पादन कर पेट्रोल में मिलाया जा रहा है, लेकिन इससे न तो पेट्रोल की कीमतों में कमी आई और न ही आम जनता को महंगाई से राहत मिली। इथेनॉल नीति का लाभ आम जनता के बजाय केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बेटे से जुड़ी व्यावसायिक हितों को पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत कभी चीनी का निर्यातक देश रहा है, लेकिन आज चीनी का आयात करने की स्थिति बन रही है, जिसका सीधा असर बाजार में कीमतों पर पड़ रहा है। एलपीजी सिलेंडर, बिजली एवं खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों ने गरीब, मध्यमवर्गीय और श्रमिक परिवारों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है।

भाजपा सरकार की नीतियां आम जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार से चीनी के बढ़े हुए दाम वापस लेने, कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा बाजार में चीनी की पर्याप्त एवं सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त प्रदेश महामंत्री वेदांती तिवारी, महामंत्री बृजवासी तिवारी, आशीष यादव लल्ला, अजीत लकड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव, सुरेन्द्र तिवारी, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, पार्षद धीरज शिवहरे, भूपेन्द्र यादव, विकास श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, धीरज सिंह, यूसुफ इराकी, रियाजुउद्दीन, रवि राजवाड़े, श्रीमती संगीता राजवाड़े, एजाज गुड्डू, दरोगी राजवाड़े, वसीम वकील, स्वतंत्र महोबिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का जनजागरण अभियान

बैकुंठपुर। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली के बढ़ते बिलों को लेकर आम उपभोक्ताओं में बढ़ रही चिंता के बीच कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष (शहर) आशीष यादव के नेतृत्व में जनजागरण अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद किया और स्मार्ट मीटर के विरोध में फॉर्म भरवाए। अभियान के तहत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से जुड़ी उनकी समस्याओं एवं बढ़ते बिजली बिल को लेकर अपनी आवाज दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही लोगों के घरों पर महतारी वंदन वसूली मीटर का स्टीकर लगाकर कांग्रेस ने सरकार की बिजली व्यवस्था और बढ़ते बिलों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष यादव लल्ला ने कहा कि बिजली आम आदमी की मूलभूत जरूरत है। सरकार को ऐसी व्यवस्था लागू करनी चाहिए जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिले, न कि उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़े। स्मार्ट मीटर को लेकर जनता के मन में अनेक सवाल और आशंकाएं हैं। कांग्रेस जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी और उपभोक्ताओं के हितों के लिए लगातार संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल विरोध तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि घर-घर जाकर आम उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम लगातार जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

महंगई पीएचसी में एसईसीएल ने किया औषधि वितरण

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा जनस्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकार के तहत महँगई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में औषधि वितरण एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय सिंह की उपस्थिति में स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक औषधियां प्रदान की गईं। इस दौरान ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर बैठा,आरजीके उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत शर्मा, पर्यावरण एवं वन के नोडल अधिकारी गौतम दत्त, चिकित्सक डॉ. सत्यपाल जोहले, रेहर कोलियरी प्रबंधक जी.एस ठाकुर, नोडल अधिकारी श्रेयांश दुबे सहित एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।महँगई पीएचसी के चिकित्सक डॉ. किशन लाल सोने, आसपास के गांवों के सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भी सहभागिता की।

सेवा किटी के सदस्यों ने मूक बधिर बच्चों को दी सामग्री

अम्बिकापुर। सेवा किटी की सदस्यों ने आस्था निकुंज के मूक-बधिर बच्चों के साथ समय बिताया। आस्था निकुंज में अध्ययनरत पहली से 12वीं तक 160 मूकबधिर बच्चों को समूह ने कॉपी, पेन, पेंसिल, टॉफी, बिस्किट एवं टाटपट्टी प्रदान किया। इस दौरान बड़े बच्चों को हो रही समस्याओं से अपने को सुरक्षित रखने के लिये जागरूक किया। इस दौरान संस्था की वंदना दत्ता, मधु चौदह, सरिता भाटिया, लिलि बसु राय, रश्मि गुप्ता, अतिशी भट्टाचार्य, स्मिता तिवारी आदि उपस्थित थीं। समूह के सदस्यों ने बच्चों के बीच परवाज के तहत अपना समय देने की सहमति दी। सदस्यों ने केशवपुर आंबा केंद्र को गोद लेकर कार्य करने का निर्णय लिया।

उल्लास साक्षरता पखवाड़ा के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

भैयाथान। विकासखंड अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका में उल्लास साक्षरता पखवाड़ा के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को साक्षरता के महत्व एवं उल्लास योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उल्लास साक्षरता की शपथ ली। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में दीवार लेखन के माध्यम से साक्षरता एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। छात्राओं को उल्लास योजना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए समाज में निरक्षरता को दूर करने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में आयोजित व्याख्यान के दौरान बताया गया कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में भी सक्षम बनाती है। कार्यक्रम में विद्यालय की बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शिविर में ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

भैयाथान। प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माइंस के अधिकारियों द्वारा प्रभावित ग्राम पंचायतों में लगातार स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को ग्राम केवरा व बुधवार को ग्राम कुसमुसी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया।

अम्बिकापुर ब्लॉक में मानसून सत्र की बारिश का कोटा पूरा

एक सप्ताह बाद अवदाब पड़ा कमजोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाड़ी में सक्रिय अवदाब के पश्चिमी उत्तरप्रदेश की ओर अग्रसर होने के बाद अब मानसून की गतिविधियां धीमी पड़ गई है। आवदाब के प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से हो रही लगातार बारिश से शहर सहित आसपास का इलाका पानी-पानी हो गया है तथा जनजीवन प्रभावित है। मौसम विज्ञानी शुक्रवार से मौसम साफ होने एवं धूप निकलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

खास बात

- शुक्रवार को दोपहर बाद साफ होगा मौसम

खाड़ी में सक्रिय अवदाब के प्रभाव से 28 अगस्त से ही रूक-रूककर लगातार बारिश हो रही है। इस दौरान एक दिन बारिश की रफ्तार कुछ कम रही लेकिन आसमान पर घने बादलों के प्रभावी होने के कारण एक दिन भी धूप नहीं निकली है। मध्य अगस्त के बाद से ही मानसून की गतिविधियां तीव्र स्थिति में हैं तथा लगातार बारिश हो रही है। अगस्त महीने में चार-पांच दिन को छोड़ दें तो पूरे महीने लगातार वर्षा हुई है। इस दौरान ऐसी स्थिति भी बनी कि लगातार तीन-चार दिनों तक मूसलाधार बारिश होती रही। उड़ीसा में सक्रिय अवदाब के प्रभाव से 28 अगस्त से ही मौसम की गतिविधियां जारी है। दूसरे दिन वर्षा का प्रभाव कम रहा लेकिन घने बादलों के प्रभाव से धूप नहीं निकला। इसके बाद से रूक-रूककर लगातार वर्षा हो रही है। एक सप्ताह तक लगातार बारिश होने एवं धूप नहीं निकलने के कारण चारो तरफ गंदगी पसर गई है। लगातार बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। बुधवार को दोपहर के पूर्व अवदाब के सरगुजा के ऊपर केंद्रित होने के कारण सुबह मूसलाधार वर्षा हुई। दोपहर बार वर्षा की रफ्तार कम हुई लेकिन रूक-रूककर हल्की वर्षा गुरूवार को सुबह 11 बजे तक होती रही। गुरूवार को दोपहर से वर्षा की रफ्तार थम गई है लेकिन पूरे दिन वर्षा की फुहारें गिरते रही। मौसम विज्ञानी के अनुसार अब अवदाब उत्तरप्रदेश में पहुंच गया है लेकिन हवा शांत होने के कारण बादलों के अग्रसर होने की गति काफी धीमी है। शुक्रवार को दोपहर तक बादल छंटने के साथ ही मौसम साफ होने एवं धूप निकलने की संभावना जताई जा रही है।

आगे भी जारी रहेगी वर्षा

लगातार बारिश होने के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। अधिकांश सिंचाई बांध, तालाब एवं अन्य जलस्त्रोत भी लबालब हो गए हैं। निचले इलाकों एवं खेतों में चारो तरफ पानी-पानी नजर आ रहा है। अम्बिकापुर ब्लॉक में औसत से अधिक वर्षा हो चुकी है लेकिन सितम्बर माह में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार अगस्त के प्रारंभ से ही खाड़ी में लगातार सिस्टम सक्रिय हो रहे हैं जिससे मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। सितम्बर में एक-दो दिन बाद खाड़ी में नया सिस्टम बनने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी 5,6 एवं 11,12 सितम्बर को मानसूनी गतिविधियां तीव्र होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

अम्बिकापुर में 1294 मिमी वर्षा

भले ही क्षेत्रवासी लगातार मूसलाधार वर्षा से प्रभावित हैं लेकिन अभी भी सरगुजा की औसत वर्षा का आंकड़ा पूरा नहीं हो सका है। सरगुजा में अभी तक औसत से 37 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई है। विकासखण्ड अम्बिकापुर में मानसून काल की संपूर्ण औसत वर्षा से लगभग 100 मिमी अधिक वर्षा हो चुकी है। अम्बिकापुर में पूरे मानसून काल में औसत 1200 मिमी वर्षा होती है। मौसम कार्यालय द्वारा गुरूवार तक कुल 1294 मिमी वर्षा रिकॉर्ड भी की गई है। मौसम विज्ञानी सितम्बर महीने में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। एक सप्ताह में मौसम कार्यालय द्वारा 224.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

उफान पर नदी-नाले

लगातार बारिश होने से क्षेत्र के सभी नदी-नाले ऊफान पर हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। नदी-नालों में बाढ़ आने के कारण विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के कई गांवों में आवागमन बाधित हो गया है। अगस्त के प्रथम सप्ताह से ही नदी-नाले उफान पर हैं तथा आवागमन सामान्य होने के लिए जलस्तर कम होने का इंतजार किया जा रहा है।

राजवाड़े ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर एवं भैयाथान में आयोजित विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठकों में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बैठक में योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी लेते हुए मैदानी स्तर पर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन का वास्तविक उद्देश्य शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। विभागीय योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और विकास कार्यों का सकारात्मक प्रभाव आमजन के जीवन में दिखाई दे, इसके लिए निरंतर समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को मैदानी अमले के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का समय रहते समाधान करने के निर्देश भी दिए। सूरजपुर एवं भैयाथान में आयोजित समीक्षा बैठकों में विधायक भुलन सिंह मरावी, संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

24 साल बाद रामानुजगंज लौटे कमिश्नर दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा का रामानुजगंज से पुराना और आत्मीय रिश्ता रहा है। वर्ष 2001-02 में रामानुजगंज के एसडीएम के रूप में सेवाएं दे चुके नरेंद्र दुग्गा कमिश्नर बनने के बाद क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे तो पुरानी यादें एक बार फिर ताजा हो गईं। रामानुजगंज प्रवास के दौरान वे स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में रुके। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय भारती और रामानुजगंज एसडीएम आनंद नेताम के साथ पैदल नगर भ्रमण किया। वे उस आवास को भी देखने पहुंचे, जहां एसडीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान निवास करते थे। पुराने स्थानों को देखकर उन्होंने अपने कार्यकाल से जुड़ी कई यादें साझा कीं। नरेंद्र दुग्गा के रामानुजगंज पहुंचने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उनसे मिलने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह पहुंचने लगे। उन्होंने सभी से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और रामानुजगंज से जुड़ी पुरानी यादें साझा कीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्ष 2001-02 में एसडीएम के रूप में दुग्गा का कार्यकाल काफी सक्रिय रहा था।

- एसडीएम रहते क्षेत्र में किए कार्यों को आज भी लोग करते हैं याद

उस समय उन्हें तेज तर्रार युवा अधिकारी के रूप में जाना जाता था। रामानुजगंज प्रवास के दौरान कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा ने अपने एसडीएम कार्यकाल के दौरान कार्यालय में कार्यरत रहे कर्मचारियों के परिवार से भी मुलाकात की। इसी क्रम में उन्होंने एसडीएम कार्यालय में उनके कार्यकाल के दौरान कर्मचारी रहे स्वर्गीय राम दयालु तिवारी के पुत्र भरत तिवारी से मुलाकात की और परिवार का कुशलक्षेम जाना और पुराने दिनों को याद किया।

बारिश के बीच चौथे दिन भी जारी रहा गोंगपा का धरना

बिहारपुर। क्षेत्र की विभिन्न जनहित की मांगों को लेकर ग्राम बसनारा में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। ग्रामीण अपनी मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग लेकर धरना स्थल पर डटे हैं। आंदोलनकारी चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के प्रत्येक घर तक नल-जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल, ग्राम पंचायत रसौकी को सड़क से जोड़ने तथा उमझर और रसौकी के बीच स्थित दो नदियों पर पुल निर्माण कराना शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में नदी-नालों में पानी बढ़ने से रसौकी पंचायत का संपर्क अन्य गांवों से कट जाता है। ऐसी स्थिति में मरीजों को उपचार के लिए ले जाने और विद्यार्थियों के आवागमन में भी भारी परेशानी होती है। गोंगपा के संबंध में ठोस पहल नहीं होने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है।

रायपुर एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ अभिषेक को प्रदान की गई एमबीबीएस की उपाधि

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा उपक्षेत्र में प्रबंधक मानव संसाधन हरेन्द्र तिवारी के सुपुत्र डॉ अभिषेक तिवारी ने एम्स रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

गत 2 सितंबर को आयोजित समारोह में उन्हें गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उपाधि प्रदान की गई।गौरतलब है कि डॉ अभिषेक ने अपनी स्कूली शिक्षा महाराष्ट्र के बल्लारपुर तथा छत्तीसगढ़ के बैकुंठपुर से पूरी की,कक्षा 12वीं में गणित एवं जीव विज्ञान दोनों विषयों के साथ अध्ययन करते हुए उन्होंने सीबीएसई रायपुर रीजन में द्वितीय स्थान हासिल किया था। वर्ष 2020 में नीट में उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 1588 तथा जनरल कैटेगरी रैंक 976 प्राप्त कर एम्स रायपुर के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश हासिल किया और 2024 में की पढ़ाई पूरी की तथा 2025 में एम्स रायपुर में इंटर्नशिप पूर्ण की।दीक्षांत समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। डॉ अभिषेक की उपलब्धि पर एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

भेलकच्छ के समीप हाथी ने वाहन पर किया हमला, चालक बाल-बाल बचा

प्रतापपुर। वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत तमोर पिंगला क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब कबरा कान नामक नर हाथी ने एक वाहन पर अचानक हमला कर दिया। हाथी के हमले में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि चालक त्रिलोचन सिंह ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह त्रिलोचन सिंह अपनी कार से भेलकच्छ के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका सामना हाथी से हो गया। कार सवार कुछ समझ पाते इससे पहले ही हाथी ने वाहन पर हमला कर दिया। हाथी के हमले से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि चालक त्रिलोचन सिंह समय रहते किसी तरह वहां से निकल गए भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद भेलकच्छ सहित आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तमोर पिंगला क्षेत्र में हाथियों की लगातार आवाजाही से ग्रामीण पहले से ही चिंतित हैं। ऐसे में सड़क और आबादी क्षेत्र के आसपास हाथी के पहुंचने तथा चलते वाहन पर हमला करने की घटना ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की लगातार मौजूदगी के कारण उन्हें जंगल और सड़क की ओर आने-जाने में भी भय बना रहता है। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते हाथियों की गतिविधियों पर नियंत्रण और निगरानी नहीं बढ़ाई गई तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और गश्त बढ़ाने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी देने तथा संवेदनशील मार्गों पर वन अमले की मौजूदगी सुनिश्चित करने की मांग की है।

विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण की फोरम अध्यक्ष ने की समीक्षा

बिश्रामपुर। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण को लेकर विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष दिलीप कुमार सैनी ने बिश्रामपुर विद्युत उपसंभाग कार्यालय पहुंचकर विभागीय गतिविधियों एवं उपभोक्ताओं से जुड़ी शिकायतों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा सहित अन्य विभागीय अमला उपस्थित रहा।फोरम अध्यक्ष ने विद्युत उपभोक्ताओं से संबंधित विभिन्न शिकायतों, उनके निराकरण की प्रक्रिया तथा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के संबंध में उपस्थित जन को जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया। बिश्रामपुर क्षेत्र में विद्युत बिल, मीटर, नए कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति, वोल्टेज सहित अन्य तकनीकी समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें सामने आती रहती हैं। ऐसे में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम उपभोक्ताओं के लिए अपनी शिकायतों को उचित स्तर पर रखने और उनके समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। फोरम अध्यक्ष दिलीप सैनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ सुनने तथा नियमानुसार उनका समाधान करने की आवश्यकता बताई। वहीं विभागीय अमले ने भी उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का हुआ निराकरण

अम्बिकापुर। संभाग के अधीनस्थ अम्बिकापुर (ग्रामीण) उपसंभाग में विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए ग्रामीण विद्युत उपसंभाग अम्बिकापुर में विद्युत उपभोक्ता फोरम शिविर मंगलवार को आयोजित किया गया। शिविर में विद्युत उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष दिलिप कुमार सैनी, कार्यालय अभियंता मेरी लिलि तिर्की, सहायक अभियंता सुरजीत कुमार गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता विराजमान एक्का, श्रीमती स्नेहलता शामिल हुए।

पृष्ठ 1 का शेष

उपभोक्ताओं को पीएम...

लाभ का व्यवसाय प्राप्त होगा। कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ से जुड़ने के लिए कोई भी बिजली उपभोक्ता सीधे पीएमसूर्यघर पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं, इसके लिए केवल उन्हें अपना बिजली बिल में दर्ज उपभोक्ता नंबर डालकर सामान्य जानकारी भरनी होगी। इसके अलावा मोर बिजली एप्प, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए बनाए गए एप्प के माध्यम से भी वह आनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। इनके अलावा बिजली उपभोक्ता सीधे बिजली विभाग के किसी भी कार्यालय में जाकर सीधे पंजीयन करा सकते हैं। उपभोक्ता अपने आस पास के किसी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के वेंडर के आफिस में जाकर भी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

बढ़ती महंगाई: कांग्रेस...

पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त प्रदेश महामंत्री वेदांती तिवारी, महामंत्री बृजवासी तिवारी, आशीष यादव लल्ला, अजीत लकड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव, सुरेन्द्र तिवारी, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, पार्षद धीरज शिवहरे, भूपेन्द्र यादव, विकास श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, धीरज सिंह, यूसुफ इराकी, रियाजुउद्दीन, रवि राजवाड़े, श्रीमती संगीता राजवाड़े, एजाज गुड्डू, दरोगी राजवाड़े, वसीम वकील, स्वतंत्र महोबिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग, छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, मनेन्द्रगढ़

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र आमाखेरवा में एबी स्वीच बदलने का कार्य किया जाना है। इस कार्य को संपादित किये जाने हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में दर्शाई गई तिथि एवं समय पर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी :-

क्र.	विद्युत आपूर्ति बंद रहने की तिथि	समय	फीडर/उपकेन्द्र का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	06.09.2026 (रविवार)	सुबह 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आमाखेरवा	33/11 केव्ही उपकेन्द्र आमाखेरवा से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर (अंबिकापुर रोड चैनपुर, जेकेडी रोड, मेन मार्केट, सब्जी मंडी, आमाखेरवा, कलेक्टर ऑफिस, बदन सिंह मोहल्ला, टीवी टॉवर रोड एवं अन्य क्षेत्र)

आवश्यकतानुसार बंद की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए विद्युत वितरण कंपनी को खेद है।

* विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें। *
* विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है।*

कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.रा.वि.वित.कं.मर्या., मनेन्द्रगढ़



नीम करोली बाबा की दिव्य गाथा का आएगा सीक्वल

मुंबई। 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म की सफलता के बाद निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने नीम करोली बाबा के जीवन पर आधारित सीक्वल का ऐलान कर दिया है। फिल्म के पहले पार्ट के अंत में ही इस बात का संकेत दे दिया गया था कि प्रसिद्ध संत नीम करोली बाबा की कहानी अभी बाकी है। अब निर्देशक ने पुष्टि की है कि फिल्म का दूसरा अध्याय फिलहाल राइटिंग और डेवलपमेंट स्टेज में है। एक बातचीत के दौरान निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने बताया कि 'हनुमान अंश 2' में बाबा के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

रिया
जिद करके थिएटर में आईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मॉडल और अभिनेत्री रिया अहीर हाल ही में मुंबई में नीट छात्रों के समर्थन में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस वैन रोकने के बाद चर्चा में आई थीं। इसके बाद उनका नाम 'बिग बॉस 20' में एंट्री की दौड़ से भी जुड़ा। लेकिन रिया अहीर की कहानी सिर्फ उस वायरल वीडियो तक सीमित नहीं है।

एक बातचीत में उन्होंने बताया कि महज साढ़े चार साल की उम्र में थिएटर शुरू करने के बाद उन्होंने देशभर में 100 से ज्यादा शो किए। वहीं, अमिताभ बच्चन के सामने अभिनय करने का एक ऐसा किस्सा भी साझा किया, जिसे वह आज तक नहीं भूल पाई हैं। रिया की बड़ी बहन जहां थिएटर करती थीं, वहीं जाने की जिद रिया ने भी पापा से की। इसके बाद उन्होंने भी मंच पर कदम रख दिया। 'मैं साढ़े चार साल की थी, तब से थिएटर कर रही हूं। मेरी बहन थिएटर करती थीं। मैंने पापा से कहा कि मुझे भी थिएटर करना है। फिर मैं वहां गई और उसके बाद मैंने कभी मुड़कर नहीं देखा। उसी हफ्ते मैंने पहली बार पृथ्वी थिएटर में परफॉर्म किया।' बचपन में शुरू हुआ थिएटर रिया की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। उन्होंने अलग-अलग जगहों पर मंच पर काम किया और देशभर में प्रस्तुतियां दीं। 'करीब 13 साल थिएटर करने के बाद मैंने पूरे भारत में परफॉर्म किया है। 100 से ज्यादा शो किए हैं। बड़े कलाकारों के साथ परफॉर्म किया है। अटारी बॉर्डर पर भी मैंने परफॉर्म किया है। उन्होंने मुझे एक मोमेंटो भी दिया था। हालांकि, मुझे वहां की चॉकलेट्स याद हैं। मोमेंटो अब याद आ रहा है।'

हॉलीवुड मसाला

द रोज के लिए ऑस्कर में हुए थे नॉमिनेट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड डायरेक्टर मार्क राइडेल ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। 97 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म ऑन गोल्डन पॉन्ड और बेट्टे मिडलर की दो मशहूर फिल्मों द रोज और द बॉयज' के लिए वह ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुए थे। अभिनेत्री बेट्टे मिडलर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में मार्क राइडेल को याद करते हुए लिखा, 'मेरी पहली फिल्म 'द रोज' के डायरेक्टर मार्क राइडेल का निधन हो गया। डायरेक्टर बनने से पहले वह एक जाने-माने एक्टर थे। मैं बहुत खुशकिस्मत थी कि उनसे मिली।

हैरी पॉटर सीरीज का नया ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। एचबीओ ने अपनी आने वाली नई 'हैरी पॉटर' टेलीविजन सीरीज का नया और शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज जे.के. रोलिंग के पहले उपन्यास 'हैरी पॉटर एंड द फिलोसोफर्स स्टोन' पर आधारित होगी। इस नई सीरीज में नए कलाकारों को शामिल किया गया है। डोमिनिक मैकलॉघलिन मुख्य किरदार 'हैरी पॉटर' के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ अलेस्टेयर स्टाउट और अरेबिला स्टैंटन रॉन और हर्माइनी की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा पापा एसीयूडू प्रोफेसर सेवरस स्नेप के किरदार में दिखेंगे। यह सीरीज इस साल क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर को एचबीओ मैक्स पर रिलीज होगी। एपिसोडः पहले सीजन में कुल 8 एपिसोड होंगे, जिन्हें हर हफ्ते एक-एक करके रिलीज किया जाएगा।



पर्दे पर भगवान कृष्ण बनेंगे रामचरण

नई दिल्ली। गुजराती सिनेमा के इतिहास में तहलका मचाने वाली फिल्म 'लालो - कृष्ण सदा सहायते' को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के बाद अब इस फिल्म के तेलुगु रीमेक बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट से राम चरण सहित एक अन्य हस्ती का नाम जुड़ने से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। इस ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद निर्माता महावीर जैन अब इस कहानी को तेलुगु सिनेमा के बड़े पर्दे पर उतारने के लिए एडवांस बातचीत कर रहे हैं। इस रीमेक की सबसे बड़ी यूएसपी राम चरण का कैमियो (विशेष भूमिका) माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म में राम चरण भगवान कृष्ण का एक बेहद आधुनिक, करिश्माई और समकालीन किरदार निभा सकते हैं।



3 इडियट्स के सीक्वल पर दी बड़ी अपडेट

मुंबई। '3 इडियट्स' बॉलीवुड की सबसे ज्यादा मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के रिलीज होने के लगभग दो दशक बाद निर्देशक राजकुमार हिरानी ने इसके संभावित सीक्वल के बारे में एक बड़ी जानकारी दी है। हिरानी ने कंफर्म किया कि वह और उनकी राइटिंग टीम एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे हैं, जो किरदारों को वापस ला सकती है। '3 इडियट्स' में आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी ने काम किया था। हिरानी ने साफ किया कि प्रोजेक्ट अभी भी राइटिंग स्टेज में है और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह कभी बनेगा भी या नहीं। उन्होंने कहा 'हम तभी आगे बढ़ेंगे जब राइटिंग सही से हो जाएगी। हम इसे तभी बनाएंगे जब सब कुछ ठीक से हो जाएगा, वरना नहीं बनाएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया है।

टीवी मसाला

अक्षय के सवाल पर बिग बी ने दिया ऐसा जवाब, खिलाड़ी ने जोड़ लिए हाथ

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15' के मंच पर अक्षय कुमार ने होस्ट अमिताभ बच्चन से ऐसा सवाल कर दिया कि बाद में उन्हें खुद ही हाथ जोड़ने पड़ गए। क्विज बेस्ड शो केबीसी के अपकमिंग एपिसोड में अक्षय कुमार को-स्टार सैफ अली खान के साथ हॉटसीट पर बैठे हुए अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देते हुए नजर आएंगे। हालांकि, इस एपिसोड में सवाल सिर्फ अमिताभ ही नहीं, बल्कि अक्षय भी पूछने वाले हैं। केबीसी के अपकमिंग एपिसोड का नया प्रोमो सामने आया है जिसमें अक्षय कुमार, अमिताभ बच्चन से अंदर की बात निकालते हुए नजर आ रहे हैं। एक्टर के सवाल पर बिग बी ने ऐसा जवाब दिया जिसके बाद एक्टर ने अपने हाथ ही जोड़ लिए। दरअसल, बात इम्तिहान (एग्जाम) में पास होने की आई। बिग बी ने अक्षय से कहा, 'इतनी बदमाशी करते थे आप बाहर, इम्तिहान कैसे पास करते थे?' एक्टर ने स्वीकार किया कि वह चीटिंग करके पास होते थे। इसके बाद अक्षय कुमार ने बिग बी से पूछ लिया कि क्या उन्होंने कभी चीटिंग की है? तब अमिताभ बच्चन ने कहा, 'सच बात तो यह है कि मैंने भी थोड़ी बहुत चीटिंग की है।' इसके बाद खिलाड़ी कुमार ने अपने हाथ जोड़ लिए और ऑडियंस से कहा कि यह गलत बात है। आप लोग ऐसे ताली मत बजाओ। प्रोमो आते ही दर्शक इस एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मालूम हो कि अक्षय कुमार, सैफ अली खान के साथ फिल्म 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

दूरदर्शन पर लौट रहा है सुराग- द क्लू

नई दिल्ली। एक दौर ऐसा भी था, जब टीवी पर सबसे ज्यादा दूरदर्शन का सिक्का बोलता था। दूरदर्शन ने 80 से लेकर 2000 तक के बच्चों को शक्तिमान, रामायण, महाभारत, भारत, हम लोग, बुनियाद जैसे कई यादगार शो दिए हैं। जिनकी कहानियां आज भी कहीं न कहीं फैंस के मन में बसी हुई हैं। अब 27 साल के बाद दूरदर्शन पर सबसे ज्यादा देखा गया स्पाई थ्रिलर शो एक बार फिर से ऑनएयर होने जा रहा है। जिसके नए सीजन में दर्शकों को एकदम अलग और फ्रेश कहानी देखने को मिलेगी। जिस कल्ट शो का नया सीजन दूरदर्शन पर लौट रहा है,

वह सुराग- द क्लू है, जो एक समय पर दूरदर्शन का वन ऑफ द बेस्ट शो हुआ करता था और लोकप्रियता के मामले में सीआईडी से कहीं ज्यादा आगे था। अब 27 साल बाद डीडी नेशनल ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इस शो के लौटने की खुशखबरी फैंस के साथ बांटी है।

भगवान कृष्ण पर बनी ये फिल्में कर देंगी भावविभोर श्रीकृष्ण लीलाओं का किया गया है भव्य चित्रण

नई दिल्ली। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पूरी दुनिया में श्रद्धाभाव और धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान कृष्ण फिल्मकारों का भी प्रिय विषय रहे हैं और अक्सर इस किरदार को अलग-अलग कहानियों के जरिए पर्दे पर लाया गया है। उनकी लीलाओं को समेटते हुए कई फिल्मों का निर्माण किया गया है। जन्म से लेकर महाभारत के युद्ध तक, कृष्ण की गाथाएं सिनेमा का हिस्सा बनती रही हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर ऐसी ही कुछ फिल्मों की बात।

श्रीकृष्ण पर बनी प्रमुख फिल्में

श्री कृष्ण जन्म (1918) : पौराणिक कथाएं सिनेमा की हमेशा से पसंद रही हैं। इसका कारण हैं लोगों का इससे भावनात्मक रूप से जुड़ाव। इसलिए, हिंदी सिनेमा में इस विषय पर ढेर सारी फिल्में बनीं। उनमें से भगवान कृष्ण पर भी कई फिल्में बनाई गईं। भगवान कृष्ण फिल्म बनने की शुरुआत दादा साहेब फाल्के के समय में हुई। 'श्री कृष्ण जन्म'का निर्देशन दादा साहेब फाल्के ने किया है। यह 1918 में आई थी। यह एक साइलेंट फिल्म थी। हालांकि, इस फिल्म का आखिरी एपिसोड ही है। इस फिल्म में दादा साहेब फाल्के की बेटी मंदाकिनी ने कृष्ण की भूमिका निभाई है।

कृष्ण सुदामा (1933) : कृष्ण और उनके सखा सुदामा को केंद्र में रखकर कई फिल्मों का निर्माण हुआ है। 1933 में आयी जयंत

देसाई की कृष्ण सुदामा में केकी अदजानिया, राम आप्टे और एम भगवानदास ने मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। 1976 में आई निताई पालित द्वारा निर्देशित कृष्ण सुदामा में शांति स्वरूप, गोविंद तेज, त्रिपुरा मिश्रा ने फिल्म में प्रमुख किरदार निभाये। 1980 में कृष्ण भक्त सुदामा में विश्वजीत ने भगवान कृष्ण और भारत भूषण ने सुदामा का किरदार निभाया था।

कृष्ण अर्जुन युद्ध (1934) : इसके बाद साल 1934 में कृष्ण अर्जुन युद्ध, 1947 में कृष्ण-सुदामा, 1949 में कृष्ण रूक्मणि आई। ये सिलसिला तब से लेकर अब तक चलता ही आ रहा है। श्री कृष्ण या उनसे प्रेरित फिल्में बनाई जा रही हैं।

श्री कृष्ण लीला (1971) : होमी वाडिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध तक की पूरी कहानी को दिखाया गया है। भगवान कृष्ण अपने दुष्ट मामा कंस द्वारा भेजे गए राक्षसों से लड़ते हैं और अपने गांव के लोगों को बचाते है। यह फिल्म साल 1971 में रिलीज हुई थी।

श्री कृष्णार्जुन युद्ध (1971) : इस फिल्म की कहानी हनुमान जी और कुंतीपुत्र अर्जुन के बीच एक घातक युद्ध को दिखाती है। यह फिल्म साल 1971 में रिलीज हुई थी। श्री कृष्णार्जुन युद्ध फिल्म को बाबूभाई मिस्त्री ने डायरेक्ट किया था। अभि भट्टाचार्य, जयश्री गाडकर, महिपाल और जीवन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आए थे।

भगवान श्री कृष्ण (1985) : इस फिल्म की कहानी में भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर उनके अत्याचारी मामा को मारने और महाभारत युद्ध में उनकी भूमिका जैसी लीलाएं दिखाई गई हैं। भगवान श्री कृष्ण फिल्म साल 1985 में रिलीज हुई थी।

इस वीकएंड ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज...

नई दिल्ली। सितंबर के पहले वीक में ओटीटी पर खूब धमाल होने वाला है। यह वीकएंड थोड़ा लंबा भी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ-साथ शनिवार-इतवार की छुट्टी। मनोरंजन के शौकीनों के पास घर बैठे फिल्में और सीरीज देखने का बढ़िया मौका है। इस बार की लिस्ट भी खूब दिलचस्प है।

बिग बॉस 20 : लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस वीकएंड उनका यह इतंजार पूरा हो रहा है। एक बार फिर सलमान खान ही इसमें बतौर होस्ट नजर आने वाले हैं। यह शो 06 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगा। इस बार शो में कई चीजें खास हैं। करण अर्जुन वाला ट्विस्ट देखने को मिलेगा। वहीं, 'वरदान' मिलने का कॉन्सेप्ट भी है।

द कोर्ट : कोर्टरूम ड्रामा सीरीज में जिनकी दिलचस्पी है, वे इस वीक यह सीरीज देख सकते हैं। 'द कोर्ट' एक तमिल सीरीज है। इसकी कहानी एक ऐसे युवा वकील याझिनी की है, जिसे हकलाने की समस्या है। उसके पिता भी एक नामी वकील हैं। एक दिन याझिनी अपने ही पिता के आमने-सामने होती है। यह सीरीज 4 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगी।

धमाल 4 : अजय देवगन अभिनीत 'धमाल 4' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। रिपोर्ट्स के

मुताबिक यह फिल्म 04 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इंद्र कुमार निर्देशित 'धमाल 4' में अरशद वारसी, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा समेत कई अन्य सितारे भी हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

डीसी : वामिका गब्बी और लोकेश कनगराज अभिनीत फिल्म 'डीसी' सिनेमाघरों के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार है। अरुण मथेश्वरन निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर फिल्म 07 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 04 सितंबर से यह सन नेक्स्ट पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध होगी। हिंदी पट्टी वाले दर्शकों को इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

जन्माष्टमीः गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल ब्रज बाला

बॉलीवुड के इन गानों के बिना अधूरा है कान्हा का बर्थ डे

नई दिल्ली। 'गोविंदा आला रे, आला जरा मटकी संभाल ब्रज बाला' फिल्म 'ब्लफ मास्टर' का यह गाना इन दिनों हर व्यक्ति की जुबान पर है। हो भी क्यों न! जन्माष्टमी के मौके पर हर कोई कृष्ण भक्ति में डूबा दिखाई दे रहा है। ऐसे में कृष्ण भजन से लेकर बॉलीवुड सॉन्ग लोगों की प्लेलिस्ट में शुमार हो चुके हैं। अगर आप भी दही हांडी प्रोग्राम ऑर्गनाइज करने की प्लानिंग कर रहे हैं या फिर कान्हा के बर्थ डे पर घर पर पार्टी रखी है, तो अपनी लिस्ट में यह बॉलीवुड जन्माष्टमी स्पेशल सॉन्ग जरूर शामिल करें। बॉलीवुड में कन्हिया, नंदलाल, श्याम और कान्हा आदि पर कई गानें फिल्माए गए हैं।

मोरे बंसी बजिइया नंदलाला कन्हिया

फिल्म 'बाहुबली 2' का 'मोरे बंसी बजिइया, नंदलाला कन्हिया' फिल्म का सबसे फेमस सॉन्ग में से एक है, जो कि खास कान्हा के ऊपर फिल्माया गया है। गाने को गायक 'मधुश्री' ने गाया है और म्यूजिक एम.एम करीम द्वारा दिया है। फिल्म की तरह कान्हा का यह गाना भी सुपरहिट रहा है।

मइया यशोदा ये तेरा कन्हिया

फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' का यह गाना कन्हिया और राधा के ऊपर फिल्माया गया है। इसमें राधा बनी करिश्मा कपूर यशोदा मां से कान्हा की शिकायत कर रही हैं। कान्हा और राधा की हल्की-फुल्की नोक-झोक को बहुत ही खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है। फिल्म 1999 में रिलीज हुई थी। गाने में अनुराधा पुलवाल और अल्का यागनिक ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। गाने का म्यूजिक राम लक्ष्मण ने कम्पोज किया है।



गो गो गो गोविंदा

बॉलीवुड में ऐसी बहुत-सी फिल्में हैं, जिसमें मटकी फोड़ने पर कई गाने फिल्माए गए हैं। पुरानी फिल्म से लेकर अब तक बहुत सी फिल्में ऐसी हैं जिनमें जन्माष्टमी के उत्सव को बहुत ही खूबसूरत तरीके से दिखाया गया है। प्रभु देवा और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'ओएमजी' (ओ माई गॉड) का 'गो गो गो गोविंदा' भी इन्हीं में से एक है। गाने में प्रभु देवा का डांस और सोनाक्षी की अदाओं का गजब कॉम्बिनेशन है। कान्हा के बर्थ डे पर आप भी प्रभु देवा स्टाइल में थिरकने को मजबूर हो जाएंगे। फिल्म 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म के इस गाने को श्रेया घोशाल और अमन त्रिखा ने अपनी आवाज दी है।

गोविंदा आला रे आला

फिल्म 'ब्लफ मास्टर' का यह गाना 'गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल ब्रज बाला' जन्माष्टमी के मौके पर हर कोई गुनगुनाता दिख जाएगा। ब्लफ मास्टर फिल्म 1963 में रिलीज हुई थी और फिल्म का 'गोविंदा' सॉन्ग सुपरहिट हुआ था। फिल्म के इस गाने से शम्मी कपूर, सायरा बानो, प्राण, ललिता पवार को काफी पॉप्यूलेरिटी मिली। फिल्म का म्यूजिक कल्याण जी आनंद जी ने बनाया।

तीन बत्ती वाला गोविंदा आला

1979 में रिलीज हुआ यह गाना फिल्म 'मुकाबला' का है, जो कि मटकी फोड़ के खास मौके पर बनाया गया है। गाना चलते ही आप खुद को डांस करने से नहीं रोक पाएंगे। किशोर कुमार और मोहम्मद रफी ने गाने में जादू बिखेर दिया। गाने का म्यूजिक लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने कंपोज किया है और गाना शत्रुधन सिन्हा और सुनील दत्त पर फिल्माया गया है।

राधे-कृष्ण की ज्योति अलोकिक

फिल्म 'विवाह' में भगवान कृष्ण पर दिखाया गया यह भजन वाकई बहुत ही खूबसूरत है। गाने के चलते ही आंखे बंद करके आप गाने में खो जाएंगे। फिल्म 2008 में रिलीज हुई थी। इसमें अमृता राव भगवान कृष्ण की आरती के टाइम यह गाना या भजन गाती हैं।

खबर संक्षेप

पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक सियान सदन में 5 को

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज की दूसरे शनिवार को होने वाली मासिक बैठक सितंबर माह के प्रथम शनिवार को सायं 4 बजे से सियान सदन में होगी। बैठक में पुलिस प्रशासन की साइबर सेल द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से साइबर अपराधियों द्वारा ठगी करने से बचने हेतु जानकारी दी जाएगी तथा नागरिक सुरक्षा संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

जन्माष्टमी पर मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

सूरजपुर। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम के अंतर्गत शासन द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए जारी निर्देशों के परिपालन में 4 सितम्बर श्री कृष्ण जन्माष्टमी को जिले में शासन द्वारा एक दिवसीय शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने कहा कि इस दिन जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। इसके साथ ही प्रीमियम मदिरा दुकानों के परिसर से संलग्न अहाते भी बंद रखे जाएंगे। कलेक्टर ने संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों एवं आबकारी अमले को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने तथा अचानक अचेत होने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार तपकरा अंतर्गत ग्राम सेमरताल निवासी गुलशन मिंज आ. स्व. देवनिश (28 वर्ष) 1 सितंबर की रात अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में रामानुजनगर अंतर्गत पंपानगर निवासी एसईसीएल कर्मचारी राम प्रसाद आ. दुहन (65 वर्ष) कुछ दिनों से सांस संबंधित बीमारी से पीड़ित थे। बुधवार को अचानक अचेत हो गया। परिजन राम प्रसाद को अचेत हालत में रामानुजनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत राम प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

जर्जर सड़क पर कांग्रेस ने लगाया बेशर्म का पौधा

राजपुर। अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग की बदहाल सड़क को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राजपुर तहसील कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क की कीचड़ में बैठकर व एक व्यक्ति द्वारा लेट कर बेशर्म का पौधा लगाया और प्रदेश सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है।

घरों तक पहुंच रहे जहरीले सांप

भरतपुर में बारिश के साथ बढ़ता जहरीले सांपों का खतरा

83 ग्राम पंचायतों और एक नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 6 हजार सांपों का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

पहाड़ों से घिरा क्षेत्र, बीच से गुजरती नदियां, दूर-दूर तक फैले घने जंगल और हरियाली से घिरे भरतपुर का इलाका कभी ऐतिहासिक चांगभखार रियासत का हिस्सा हुआ करता था। भरतपुर जैसे वनक्षेत्र से घिरे इलाके में बारिश के बाद घास और झाड़ियां तेजी से बढ़ती हैं। इन स्थानों पर चूहे, मेंढक और कीड़े-मकौड़े पनपते हैं, जहां शिकार उपलब्ध होगा, वहां शिकारी भी पहुंचेंगे। यही प्राकृतिक चक्र सांपों को बस्तियों के आसपास तक ले आता है।

घर की बाड़ी, रास्ते और आसपास की झाड़ियों की नियमित सफाई कर इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सांपों का शरीर लचीला होता है और वे अपेक्षाकृत छोटी जगहों से भी निकल सकते हैं। घर की दीवार में दरार, फर्श का गैप, दरवाजे के नीचे खाली जगह, नाली या पाइप के आसपास का रास्ता उनके घर में प्रवेश का कारण बन सकता है। बारिश के मौसम में रात के समय बाहर निकलते वक्त टॉर्च का इस्तेमाल करना, जूते पहनने से पहले उनकी जांच करना और घर के कोनों की समय-समय पर सफाई करना उपयोगी सावधानियां हैं। भरतपुर जैसे पहाड़ी और वन क्षेत्र में सांपों के रिहायशी इलाकों में पहुंचने की घटनाओं के बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो डर के बजाय संरक्षण का रास्ता चुन रहे हैं। अमरदीप गुप्ता, जिन्हें जयदीप के नाम से भी जाना जाता है, वर्ष 2020-21 के आसपास से लगातार सर्प एवं वन्यजीव रेस्क्यू का कार्य कर रहे हैं। सूचना मिलने पर वे दिन हो या रात मौके पर पहुंचकर सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू करते हैं और उन्हें उनके अनुकूल प्राकृतिक वातावरण में छोड़ने का प्रयास करते हैं। उनका यह प्रयास वन्यजीवों की जान बचाने के साथ-साथ ग्रामीणों में सर्प संरक्षण के प्रति जागरूकता भी पैदा कर रहा है। मनीष पाठक ने बताया कि अमरदीप गुप्ता का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों की रक्षा करना है। खासकर बारिश के मौसम में जब सांप और अन्य वन्यजीव रिहायशी इलाकों में निकल आते हैं, तब वे सुरक्षित तरीके से उनका रेस्क्यू करते हैं। उनकी सेवा 24 घंटे तत्परता के साथ उपलब्ध रहती है। दिन हो या रात, किसी भी समय सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचकर विभिन्न प्रजातियों के सांपों का निःशुल्क रेस्क्यू करते हैं। रेस्क्यू के बाद सांपों को सुरक्षित तरीके से उनके अनुकूल प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया जाता है।

वर्ष 2020-21 से लगातार वन्यजीव संरक्षण और सर्प रेस्क्यू का कार्य किया जा रहा है। यह प्रयास सराहनीय होने के साथ लोगों को वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अमरदीप गुप्ता ने बताया कि भरतपुर क्षेत्र में बारिश के मौसम में जहरीले सांप और अन्य वन्यजीव अक्सर रिहायशी इलाकों में निकल आते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य इन वन्यजीवों की रक्षा करना है। सूचना मिलने पर वे सांपों का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करते हैं और उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने का प्रयास करते हैं। अब तक 83 ग्राम पंचायतों और एक नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 6 हजार सांपों का रेस्क्यू किया जा चुका है। क्षेत्र में कॉमन करैत, काला नाग, अहिराज, धामन और कैट स्नेक जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा अजगर, गोह और बंदरों सहित अन्य वन्यजीवों का भी रेस्क्यू किया गया है।

करीब 6 हजार सांपों का रेस्क्यू

अमरदीप गुप्ता के अनुसार अब तक 83 ग्राम पंचायतों और एक नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 6 हजार सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है। क्षेत्र में कॉमन करैत, काला नाग, अहिराज, धामन और कैट स्नेक सहित विभिन्न प्रजातियों के सांप पाए जाते हैं। इनमें कॉमन करैत को बेहद जहरीली प्रजातियों में माना जाता है। इसके काटने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता मिलना बेहद जरूरी है।

धामन की लंबाई 7 से 8 फीट तक

भरतपुर क्षेत्र में धामन सांप भी अक्सर दिखाई देता है। यह सांप काफी लंबा हो सकता है और इसकी लंबाई कई बार 7 से 8 फीट तक बताई जाती है। वहीं अहिराज को लेकर भी ग्रामीणों में काफी कौतूहल है। स्थानीय स्तर पर इसे सांपों का राजा भी कहा जाता है। अमरदीप के अनुसार उनका काम केवल सांपों के रेस्क्यू तक सीमित नहीं है। अब तक अजगर, गोह, बंदर सहित अन्य वन्यजीवों का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है।

तत्काल दें सूचना

सांप दिखाई देने पर बच्चों और पालतू जानवरों को तत्काल दूर कर देना चाहिए। इसके बाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्रशिक्षित सर्प रेस्क्यूकर्ता अथवा वन विभाग को सूचना देकर सांप को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कराया जा सकता है।

मनीष पाठक
उप सरपंच ग्राम पंचायत भरतपुर

सेवा संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिलेभर में होंगे सेवा

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया की ओर से सेवा संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और जिला से लेकर मंडल व बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, सरगुजा सहकारी बैंक उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला महामंत्री एवं अभियान के जिला संयोजक पंकज गुप्ता तथा जिला महामंत्री कपिल जायसवाल सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना जीवन समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी 25 वर्षों की सेवा यात्रा सुशासन, गरीब कल्याण, विकास और राष्ट्र निर्माण के प्रति संकल्प का उदाहरण है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की सेवा एवं समर्पण की भावना, केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाए। अभियान को केवल संगठनात्मक कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जनसेवा और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए।

बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की भावना के साथ समाज के बीच कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने संगठनात्मक एकजुटता और बेहतर समन्वय के साथ अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने जिला, मंडल और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि कोरिया जिले के कार्यकर्ता पूरी ताकत, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता समाज के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री शिवकुमारी सोनपाकर, सुनीता कुर्रे, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, कृष्णावती यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला सह कार्यालय मंत्री मनोज साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू व गणेश यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कपिल जायसवाल ने किया तथा अभियान के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

सड़क चौड़ीकरण में छोटे व्यापारियों का रखा जाए ख्याल

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शहर के विकास एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण का स्वागत किया जाना चाहिए। लंबे समय से शहर की संकरी सड़कों के कारण जाम, आवागमन और व्यापार से जुड़ी समस्याएं सामने आती रही हैं। उक्त बातें सीए प्रशांत गुप्ता ने व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे में सुनियोजित एवं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण आवश्यक है। हालांकि विकास की इस प्रक्रिया में बाजार क्षेत्र में वर्षों से छोटी-छोटी दुकानें संचालित कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले छोटे व्यापारियों के भविष्य को भी ध्यान में रखना जरूरी है।

विशेष रूप से नवीन नगर पालिका परिसर से पुराने बस स्टैंड तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाली दुकानों के सामने का हिस्सा अथवा दुकानें प्रभावित होने से अनेक छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर गंभीर असर पड़ सकता है। इनमें ऐसे व्यापारी भी हैं, जिन्होंने वर्षों की मेहनत से इसी स्थान पर अपना व्यवसाय खड़ा किया है और दुकान से होने वाली आय से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। सड़क चौड़ीकरण बदलते समय की आवश्यकता और शहर के विकास के लिए अनिवार्य हो सकता है, लेकिन प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की ठोस व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए। आगामी नगर पालिका कॉम्प्लेक्स एवं संबंधित व्यावसायिक विकास परियोजनाओं की योजना बनाते समय प्रभावित छोटे दुकानदारों के लिए पर्याप्त संख्या में दुकानें आरक्षित की जाएं,ताकि चौड़ीकरण के कारण प्रभावित होने वाले व्यापारियों को दोबारा अपना व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिल सके।

साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि वैकल्पिक दुकानें किसी सुनसान अथवा बाजार से दूर स्थान पर न बनाई जाएं। प्रभावित व्यापारियों को ऐसी जगह दुकानें उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जहां बाजार और ग्राहकों की पर्याप्त आवाजाही हो। केवल दुकान का निर्माण कर देना पुनर्वास नहीं है, बल्कि व्यवसाय चलने योग्य स्थान उपलब्ध कराना ही वास्तविक पुनर्वास है। बैकुंठपुर का विकास ऐसा होना चाहिए, जिसमें सड़कें चौड़ी हों, यातायात सुगम हो और छोटे व्यापारियों के घरों के चूल्हे भी जलते रहें। विकास की कीमत किसी गरीब अथवा छोटे व्यापारी की आजीविका समाप्त करके नहीं चुकाई जानी चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े तथा कलेक्टर से आग्रह है कि सड़क चौड़ीकरण एवं आगामी नगर पालिका कॉम्प्लेक्स की योजना तैयार करते समय प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास के लिए स्पष्ट, व्यवहारिक और सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने की पहल करें।

डीएवी स्कूल में नवगठित छात्र परिषद को दिलाई गई शपथ

बिश्रामपुर। डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के कक्षा शिक्षकों एवं प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व, व्यवहार आदि विविध मापदंडों के आधार पर सत्र 2026-27 के लिए नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों का 3 सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती,अध्यापिका अर्पणा मिश्रा एवं चित्रावती मिश्रा सहित कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के कक्षा शिक्षकों द्वारा छात्र परिषद के सदस्यों क्रमशः हेड बॉय राघवेंद्र सिंह एवं हेड गर्ल आत्मिका पांडेय, स्कूल कैप्टन एरीना रुखसार,राहुल शर्मा एवं सिद्धि जायसवाल डिसिप्लिन कैप्टन,रौनक सचदेवा एवं न्यासा जायसवाल स्पोर्ट्स कैप्टन समेत अन्य उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त अधिकारियों को साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राज्य स्तर पर चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत कोरिया पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। एसपी श्री राठौर ने कहा कि डिजिटल लेन-देन बढ़ने के साथ साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। पेंशनभोगी और सेवानिवृत्त कर्मचारी भी ठगों के निशाने पर रहते हैं। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में पुलिस ने बताया कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, पासवर्ड, यूपीआई पिन और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। व्हाट्सऐप या एसएमएस के माध्यम से प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने तथा अनजान या स्क्रीन शेयरिंग वाले ऐप डाउनलोड करने से भी बचने की सलाह दी गई। पुलिस ने फर्जी कॉल और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। पुलिस, सीबीआई, बैंक अथवा बिजली विभाग का अधिकारी बनकर डराने-धमकाने वाले लोगों के झांसे में नहीं आने और ऐसी स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। पेंशन अथवा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराने के लिए केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट या संबंधित बैंक शाखा का उपयोग करने की सलाह दी गई। एसपी ने बताया कि साइबर ठगी होने पर बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए, इसके अलावा कोरिया पुलिस साइबर हेल्पलाइन 9479193799 पर सूचना दी जा सकती है।

एसईसीएल आवासीय कॉलोनी के सूने आवास से अज्ञात बदमाशों ने नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात किया पार

बिश्रामपुर। एसईसीएल की आवासीय कॉलोनी में सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने एक लिपिक के क्वार्टर को निशाना बनाया है, यहाँ पर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ते हुए घर के अंदर रखी नगदी समेत लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल आवासीय क्वार्टर नंबर 1 बी 59 निवासी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत संतोष साहू परिवार सहित अंबिकापुर गए हुए थे,इस दौरान उनका क्वार्टर बंद पड़ा था,इसी सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने क्वार्टर के मुख्य द्वार पर लगे ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश किया,इसके बाद घर के कमरों को खंगालते हुए चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 50 हजार रुपए नगदी रकम, सोने का आभूषण, एक चांदी की चैन, दो चांदी के सिक्के तथा छोटे आकार के चांदी के दो कड़े चोरी कर लिए गए,गुरुवार को जब संतोष साहू वापस अपने क्वार्टर लंच करने पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए,अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर टूटा मिला और उसमें रखी नगदी व जेवरात गायब थे,जिस घटना की उन्होंने तत्काल बिश्रामपुर पुलिस को सूचना दी,प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोरी गए नगद और जेवरात की कुल कीमत करीब चार लाख रुपए आंकी जा रही है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

जारी की गई थी 104 में में 100 की सूची

मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटे से 97 छात्र-छात्राओं का एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश को लेकर चल रही पहले चरण की प्रक्रिया समाप्त हो गई। पहले राउंड के बाद स्टेट कोटा में 97 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया है जबकि ऑल इंडिया कोटा में 10 छात्र छात्राओं के दस्तावेजों की ऑनलाइन स्क्रूटनी करने के साथ ही फ्लोटिंग की गई है। शेष सीटों के द्वितीय तृतीय चरण की प्रक्रिया के बाद भरने की बात कही जा रही है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस की 125 सीटों को फिर से मान्यता मिलने के बाद एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। कॉलेज में 104 सीटें स्टेट कोटा, 18 सीटें ऑल इंडिया कोटा और 3 सीटें सेन्ट्रल पूल कोटा के लिए आबंटित की गई है। एमसीसी द्वारा मेडिकल स्टेट कोटा से एडमिशन के लिए 104 सीटों में से पहले चरण में 100 छात्र छात्राओं की सूची जारी की गई थी। सूची जारी होने के बाद 27 अगस्त से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हुई। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कमेटी की अध्यक्ष डॉ. अविनाशी कुजूर, स्क्रूटनी कमेटी के अध्यक्ध डॉ. संजय सिंह, को-ऑर्डिनेटर डॉ. परमानंद अग्रवाल की मौजूदगी में एडमिशन लिए गए। स्टेट कोटा के तहत एडमिशन के पहले चरण की अंतिम तिथि 3 सितम्बर थी और गुरुवार को अंतिम दिन तक 100 में से 97 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। दस्तावेजों की जांच के बाद सभी के एडमिशन की प्रक्रीया पूर्ण की गई। अब बताया जा रहा है कि शेष सीटों पर एडमिशन द्वितीय और तृतीय चरण में सीट आबंटन के बाद किया जाएगा।

जांच में चावल-शक्कर की कमी सामने आने के बाद भी नही हुई एफआईआर दर्ज, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतापपुर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नरोला की शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण को लेकर सामने आए घोटाले में विभागीय अधिकारियों के जांच के दौरान 348 क्विंटल चावल, शक्कर-चना में अनियमितता सामने आने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गोविंदपुर में संचालित राशन दुकान संचालक द्वारा ग्रामीणों का पूरा गांव का राशन 1 महीने का गोलमाल कर दिया गया, जिसमें कई लोगों का अंगूठा लगाने के बाद भी चावल नहीं दिया गया, जो कई महीनों से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। इधर कलेक्टर के संज्ञान में मामला आने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने दुकान की जांच की थी। जांच में राशन की कमी पाए जाने के बाद संबंधित समिति को निलंबित कर नोटिस जारी किया गया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि
की जनकपुर, कोटाडोल, केल्हारी में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
कचहरी पारा, बैंकुठपुर
मो. 7999269642, 7000789166

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411